(3a)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये

रु.50

FIFTY RUPEES

Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

झारखण्ड JHARKHAND

B 210973

## पारिवारिक व्यवस्था पत्र (बंटवारानामा)

प्रथम पक्ष – श्रीमती गायत्री देवी टमकोरीया पति–स्व0 भगवान दास टमकोरिया, साकिन– कास्टर्स टाउन, थाना, सविडिविजन, सवरजिष्ट्री व जिला – देवघर, झारखण्ड।

द्वितीय पक्ष– श्री श्याम सुन्दर टमकोरीया, पिता–स्व0 भगवान दास टमकोरिया, साकिन– कास्टर्स टाउन, थाना, सविडिविजन, सवरजिष्ट्री व जिला – देवघर, झारखण्ड।

तृतीय पक्ष– श्री प्रदीप कुमार टमकोरीया, पिता–स्व0 भगवान दास टमकोरिया, साकिन– कास्टर्स टाउन, थाना, सविडिविजन, सवरजिष्ट्री व जिला – देवघर, झारखण्ड।

चतुर्थ पक्ष– श्री पवन कुमार टमकोरीया, पिता–स्व0 भगवान दास टमकोरिया, साकिन– कास्टर्स टाउन, थाना, सविडिविजन, सवरजिष्ट्री व जिला – देवघर, झारखण्ड।

लेख्य प्रकार– पारिवारिक व्यवस्था पत्र (बंटवारानामा)

गायत्री देवी Shyam Sunder Tamkoria Pradeep Kumar Tamkoria Pawan Kumar Tamkoria

विवरण जायदाद – निम्न तफसील क्रमशः ''क'', ''ख'' तथा ''ग'' में दर्ज है।

विदित हो कि देवघर थाना अंतर्गत मौजा बरियारबांधी नं0 400 के अंदर बसौडी सत्व की जमीन सेटलमेंट प्लॉट नं0 380 का अंश रकवा कमबेसी 38 अढ़तीस डिसमिल अंदर जमाबंदी नं0 33/21 को दिनांक 03.11.1979 ई0 में कलकता निबंधन कार्यालय से निबंधित एक किता बिक्रय पत्र (पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 169, पृष्ठ संख्या 59 से 64 में निबंधित जिसकी संख्या 5699 वर्ष 1979) के द्वारा श्री शिवनाथ भट्टाचार्य साकिन तीनकौड़ी भट्टाचार्य साकिन सीरामपुर, जिला–हुगली से मैं प्रथम पक्ष श्रीमती गायत्री देवी टमकोरीया, पति भगवान दास टमकोरीया खरीद कर व उसपर पक्का मकानादि बनवाकर तथा अंचल कार्यालय एवं नगरपालिका, देवघर में सलाना खजाना एवं नगरपालिका कर अपने नाम से अदाय करती हुई अपने पुत्रों के साथ दखलकारिणी रही।

NOTARY Lalit Kr. Sinha Regd. No.-190/04 Deoghar Govt. of Jharkhand

उपरोक्त देवघर थाना अंतर्गत मौजा श्यामगंज कास्टर्स टाउन नं0 413 के अंदर बसौड़ी सत्व की एक टुकड़ा जमीन टाउन प्लॉन प्लॉट नं0 835 का अंश मार्क ''ई'' रकवा 1965 वर्गफीट अंदर जमाबंदी नं0 104/3266 को दिनांक 19.02.1973 ई0 में देवघर निबंधन कार्यालय से निबंधित एक किता अन्य बिक्रय संख्या 1035 वर्ष 1973 के द्वारा श्री सोरेन्द्र नाथ राम वगैरह से मैं प्रथम पक्ष खरीद कर उस पर पक्का मकानादि बनवाकर तथा अंचल कार्यालय, देवघर में अपने नाम से नामान्तरण करवाकर तथा नगर पालिका देवघर में भी अपना नाम दर्ज करवाकर सलाना खजाना एवं नगरपालिका कर अपने नाम से अदाय करती हुयी अपने पुत्रों के साथ भोग दखल करती रही।

उपरोक्त प्रथम पक्ष श्रीमती गायत्री देवी टमकोरीया, द्वितीय पक्ष, तृतीय पक्ष एवं चतुर्थ पक्ष की माता है और अब वह अत्यन्त वृद्ध हो गयी है, इसलिए आज से करीब तीन वर्ष पहले ही उपरोक्त दोनों सम्पतियों का उचित व्यवस्था कर तीनों पुत्रों मौखिक उनलोगों के हिस्से में

गायत्री देवी
Shyamsunder Tamkoria
Pradeep Kumar Tamkoria
Pawan Kumar Tamkoria



दे दिये है और तीनों पुत्रों ने माता द्वारा मौखिक बंटवारा को सहर्ष स्वीकार कर अपने–अपने हिस्से में प्राप्त सम्पति में आवश्यक उन्नति कर स्वेच्छा पूर्वक भोग दखल कर रहे हैं, अतएव अभी हमलोग पक्षगण के माताजी के सलाह के मुताबिक उक्त मौखिक अदास्त बंटवारा जो निम्न प्रकार है, जैसा कि ''क'' ''ख'' वो ''ग'' तफसील में दर्शाया गया है को लिखित रुप में कर लेना उचित समझ कर आज तारीख हमलोग यह अदास्त बंटवारानामा लिखकर एकरार और अंगीकार करते हैं कि –

1. हमलोग पक्षगण की माता श्रीमती गायत्री देवी टमकोरीया उपरोक्त सम्पति में अपनी स्वेच्छा से अपना हिस्सा नहीं लिया हैं तथा हमलोग की माता तीनों पुत्रों में से जिसके पास रहने की इच्छा हो स्वेच्छा पूर्वक रहेगी और हमलोग तीनों भाई माता जी के खाना कपड़ा दवा वगैरह आजीवन सेवा संभार संतुष्ट मन से करेंगें।

2. उपरोक्त पारिवारिक व्यवस्था बंटवारानामा के मुताबिक निम्न ''क'' तफसील में वर्णित सम्पति द्वितीय पक्ष श्री श्याम सुन्दर टमकोरीया के हिस्से में निम्न ''ख'' तफसील में वर्णित सम्पति तृतीय पक्ष श्री प्रदीप कुमार टमकोरीया के हिस्से में एवं ''ग'' तफसील में वर्णित सम्पति चतुर्थ पक्ष श्री पवन कुमार टमकोरीया के हिस्से में मिली है और हमलोग पक्षगण पहले से ही उसी मुताबिक भोग दखल कर रहे है।

3. अब किसी भी पक्ष को एक दूसरे पक्ष के हिस्से की सम्पति पर किसी तरह का हक या दावा–दावी नहीं रहा न भविष्य में कर सकेंगें।

4. द्वितीय पक्ष से चतुर्थ पक्ष अपने–अपने हिस्से में प्राप्त सम्पति को स्वेच्छा पूर्वक भोग दखल व उन्नति करेंगें।

5. द्वितीय पक्ष से चतुर्थ पक्ष अपने–अपने हिससे की सम्पति पर अंचल कार्यालय, देवघर व नगर निगम देवघर में अपने नाम से नामान्तरण करवाकर सलाना खजाना टैक्स आदि अपने–अपने नाम से अदाय किया करेंगें।

NOTARY Lalit Kr. Sinha Regd. No. [illegible] Deoghar Govt. of Jharkhand

6. देवघर थाना अंतर्गत मौजा बरियारबांधी के अंदर तीनों भाईयों के इजमाल व्यवहार के लिए पुरब--पश्चिम लम्बा 108'--0'' फीट वो उत्तर--दक्षिण चौड़ा 12'--0'' फीट प्रप्रोज्ड रोड रखा गया है, जिसे तीनों भाई इजमाल में व्यवहार करेंगें, उसमें जलना, खिड़की, दरवाजा, पानी निकाश का नाली वगैरह रख सकेंगें। लेकिन कोई पक्ष प्रपोज्ड रोड को अतिक्रमण नहीं करेंगें।

7. मेरे तीनों बेटों को दी गयी सम्पति पर पूर्ण अधिकार सिर्फ मेरे तीनों बेटों का ही रहेगा इस पर किसी का और कोई अधिकार नहीं रहेगा। कोई अधिकार जतायेगा, तो वह मान्य नहीं रहेगा।

अतः आज तारीख हमलोग अपनी स्वेच्छा से मन और शरीर की स्वस्थता में यह अदास्त पारिवारिक व्यवस्थ पत्र बंटवारानामा निष्पादित कर लिए, जो वक्त जरूरत काम आवे। इति तारीख -- 9/5/14.

NOTARY
Lalit Kr. Sinha
Govt. of Jharkhand

Shyam Sundar Tamkoria
Pradeep Kumar Tamkoria
Pawan Kumar Tamkoria
गायत्री देवी

## तफसील सम्पति

## ''क'' तफशील में वर्णित सम्पति द्वितीय पक्ष श्री श्याम सुन्दर टमकोरीया के हिस्से में मिली है

थाना नं0 400, जिला, सवडिविजन वो सवरजिष्ट्री देवघर थाना देवघर सामिल मौजा बरियारबांधी के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन टाउन प्लॉन प्लॉट नं0 380 का अंश, रकवा 7100 वर्गफीट अंदर जमाबंदी नं0 33/21 मय उस पक्का मकानादि नगर निगम वार्ड नं0 16, होल्डिंग नं0 31 वमोजीव संलगन नक्शा में लाल रंग से रंगा हुआ मार्क ''ए'' मय क्कुल हक हकुक, जिसकी चौहद्दी :--

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | -- | यतिन्द्र नाथ सील का मकान। |
| दक्षिण | -- | ''राधा कुंज'' |
| पूरब | -- | तृतीय पक्ष प्रदीप कुमार टमकोरीया वो चतुर्थ पक्ष श्री पवन कुमार टमकोरीया के हिस्से की सम्पति एवं 12'--0'' फीट चौड़ा प्रपोज्ड रोड। |
| पश्चिम | -- | राज किशोर धाम। |

**"ख" तफशील सम्पत्ति में वर्णित सम्पति तृतीय पक्ष श्री प्रदीप कुमार टमकोरीया के हिस्से में मिली है।**

1) थाना नं0 400, जिला, सवडिविजन वो सवरजिष्ट्री देवघर थाना देवघर सामिल मौजा बरियारबांधी के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन टाउन प्लॉन प्लॉट नं0 380 का अंश, रकवा 3924 वर्गफीट अंदर जमाबंदी नं0 33/21 नगर निगम वार्ड नं0 16, होल्डिंग नं0 3-1 वमोजीव संलगन नक्शा में हरा रंग से रंगा हुआ मार्क "बी" मय कुल हक हकुक, जिसकी चौहद्दी :–

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | – | यतिन्द्र नाथ सील का मकान। |
| दक्षिण | – | 12'–0'' फीट चौड़ा प्रपोज्ड रोड। |
| पूरब | – | सेठ सूरजमल जलान रोड। |
| पश्चिम | – | द्वितीय पक्ष श्री श्याम सुन्दर टमकोरीया का हिस्सा। |

2) थाना नं0 413, जिला, सवडिविजन वो सवरजिष्ट्री देवघर थाना देवघर सामिल मौजा श्यामगंज महल्ला कास्टर्स टाउन के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन टाउन प्लॉन प्लॉट नं0 835 का अंश रकवा 1965 वर्गफीट अंदर जमाबंदी नं0 104/3266 मय उस पर मकानादि नगर निगम वार्ड नं0 15, होल्डिंग नं0 323 वमोजीव संलगन नक्शा में हरा रंग से रंगा हुआ मार्क "बी/1" मय कुल हक हकुक, जिसकी चौहद्दी :–

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | – | 8'–0'' फीट चौड़ा प्रपोज्ड रोड। |
| दक्षिण | – | ए.टी. दाव का मकान। |
| पूरब | – | सेठ सूरजमल जलान रोड। |
| पश्चिम | – | मार्क "डी" |

**"ग" तफशील सम्पत्ति में वर्णित सम्पति चतुर्थ पक्ष श्री पवन कुमार टमकोरीया के हिस्से में मिली है।**

थाना नं0 400, जिला, सवडिविजन वो सवरजिष्ट्री देवघर थाना देवघर सामिल मौजा बरियारबांधी के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन टाउन प्लॉन प्लॉट नं0 380 का अंश, रकवा 4446 वर्गफीट अंदर जमाबंदी नं0 33/21 मय उस पर मकानादि कुआं आदि, नगर निगम वार्ड नं0 16, होल्डिंग नं0 31 वमोजीब संलगन नक्शा में पीला रंग से रंगा हुआ मार्क "सी" मय कुल हक हकुक, जिसकी चौहद्दी :-

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | – | 12'–0" फींट चौड़ा प्रपोज्ड रोड। |
| दक्षिण | – | "राधा कुंज" |
| पूरब | – | सेठ सूरजमल जलान रोड। |
| पश्चिम | – | द्वितीय पक्ष श्री श्याम सुन्दर टमकोरीया का हिस्सा। |

गवाहन्

1. सीताराम खवाड़ै
2. रामदास टिबड़ेवाल
3. नागेश्वर सुलतानिया


L. K. Sinha 9/5/14

LALIT KUMAR SINHA
NOTARY
DEOGHAR (JHARKHAND)


NOTARY Lalit Kr. Sinha Regd. No. Deoghar Govt. of Jharkhand

गायत्री देवी
Shyam Sunder Tamkoria
Pradeep Kumar Tamkoria
Pawan Kumar Tamkoria

PARTITION PLAN OF LAND UNDER MOUZA - ARIYARBANDHI, NO - 400, WITHIN DEOGHAR CORPORATION WARD NO - UNDER J. B. NO. - 33/21, PART OF SETTLEMENT PLOT NO - 380, DETAILS SHOWN IN BELOW-




(2) PARTITION PLAN OF LAND UNDER MOUZA - SHYAMGANJ, NO - 413, WITHIN DEOGHAR CORPORATION WARD NO - UNDER J. B. NO. - 104/3266, PART OF TOWN PLAN PLOT NO - 835, DETAILS SHOWN IN BELOW-




गायत्री देवी

Shyam Sunder Tamkoria

Pradeep Kumar Tamkoria

Pawan Kumar Tamkoria

| S. NO - | MARK & COLOUR | AREA IN Sqft. | NAME OF SHARER |
|---|---|---|---|
| (1) | A | 7100 | SRI SHYAM SUNDER TAMKORIA |
| (2) | B<br>B1 | 3924<br>1965 | SRI PRADIP Kr. TAMKORIA |
| (3) | C | 4446 | SRI PAWAN KUMAR TAMKORIA |
| (4) | D | 1296 | PRO - ROAD |

L.K. Sinha 4/5/14

Traced By

NOTARY

LALIT KUMAR SINHA
NOTARY
DEOGHAR (JHARKHAND)